हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि
बिलासपुर, बुधवार, 22 अप्रैल 2026
पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा

तापमान
अधिकतम 36.2 डिग्री
न्यूनतम 21.2 डिग्री

4
जनसमस्याओं का समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करें: कलेक्टर



## खबर संक्षेप

### जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन 1 मई से

**बलरामपुर।** राज्य शासन के निर्देशानुसार विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी आमजनों को सुगम, पारदर्शी एवं त्वरित सेवाएं उपलब्ध कराने सुशासन तिहार 2026 का आयोजन किया जाएगा। जिसके अंतर्गत जन शिकायतों का समयबद्ध एवं प्रभावी निराकरण सुनिश्चित किया जाएगा। संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित बैठक में कलेक्टर राजेन्द्र कटारा ने बताया कि सुशासन तिहार अंतर्गत 1 मई से जिले में जनसमस्या निवारण शिविरों का आयोजन किया जाएगा। जिसका उद्देश्य आम नागरिकों की समस्याओं का त्वरित, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित करना है, जिससे लोगों को शासन-प्रशासन की सेवाओं का लाभ समय पर मिल सके। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को शिविरों के आयोजन हेतु सभी आवश्यक तैयारियां समय पूर्व पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने विशेष रूप से पुराने लंबित प्रकरणों एवं राजस्व से संबंधित लंबित आवेदनों को प्राथमिकता से शीघ्र निराकरण करने को कहा। उन्होंने कहा कि पेंशन, राशन, आय, जाति, प्रमाण पत्र, सामाजिक सहायता पेंशन संबंधित प्रकरणों का गंभीरता से लेते हुए शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करें। उन्होंने जनसमस्या निवारण शिविरों में प्राप्त आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करने के साथ ही शिविरों के माध्यम से विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने के निर्देश दिए। ताकि कोई भी पात्र हितग्राही जनकल्याणकारी योजनाओं एवं सुविधाओं से वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि शिविरों में प्राप्त सभी आवेदनों का निराकरण कर आवेदक को अनिवार्य रूप से जानकारी दें।

### अग्निवीर भर्ती: लिखित परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण 1 मई से

**सूरजपुर।** जिले में भारतीय थल सेना की अग्निवीर भर्ती 2026-27 के अंतर्गत पंजीकृत युवाओं को ऑनलाइन लिखित परीक्षा (सीईई) की तैयारी हेतु पूर्व प्रशिक्षण रोजगार कार्यालय द्वारा प्रदान की जाएगी। इस संबंध में जिला रोजगार अधिकारी द्वारा जिले के शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज, शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था (आईटीआई), शासकीय महाविद्यालय एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के प्राचार्यों को पत्र जारी किया गया है।

### जनदर्शन में कलेक्टर ने सुनी आमजनों की समस्याएं

**बलरामपुर।** संयुक्त जिला कार्यालय भवन के सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक पश्चात जनदर्शन का आयोजन किया गया। जनदर्शन में ग्रामीणों ने अपनी समस्याओं को सीधे कलेक्टर के समक्ष रखा। कलेक्टर श्री कटारा ने आमजनों से प्राप्त शिकायत एवं समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुन जनदर्शन में प्राप्त सभी आवेदनों को प्राथमिकता के साथ शीघ्र निराकरण करने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।

## जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति दिशा की बैठक

# सांसद राठिया ने योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर



जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति दिशा की बैठक मंगलवार को लोकसभा क्षेत्र रायगढ़ के सांसद राधेश्याम राठिया की अध्यक्षता में जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में सांसद राठिया ने सभी अधिकारियों को केन्द्र और राज्य शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन करने के निर्देश दिए।

उन्होंने जल संरक्षण संवर्धन के कार्यों को बेहतर तरीके से संचालित करने के लिए कहा, ताकि भू-जल स्तर अच्छा हो सके और किसानों को खेती बाड़ी करने में आसानी हो। साथ ही जशपुर में सड़क दुघर्टना को रोकने के लिए भी बेहतर कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा जशपुर के विकास कार्यों के लिए हर संभव सहायता करने की बात कही। इस अवसर पर जशपुर विधायक रायमुनि भगत, नगर पालिका अध्यक्ष अरविन्द भगत, नगर पालिका उपाध्यक्ष यश प्रताप सिंह जुदेव जिला पंचायत उपाध्यक्ष शोर्य प्रताप सिंह जुदेव, कलेक्टर रोहित व्यास, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ लाल उमेद सिंह डीएफओ शशि कुमार जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी बैठक में उपस्थित थे। कलेक्टर रोहित व्यास ने बताया कि, बगीचा विकास खंड के नहरों का जीर्णोद्धार करने के लिए मनरेगा और जल संसाधन विभाग की टीम गठित की जाएगी और छूटे हुए नालों का चिन्हांकन किया जाएगा। इसके बाद शीघ्र ही प्रस्ताव शासन को भेज दिया जाएगा, ताकि किसानों को खेती के लिए पर्याप्त पानी की सुविधा मिल सके। उन्होंने बताया कि, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत स्वीकृत सड़कों के कार्यों को गंभीरता से लेते हुए समय सीमा में पूर्ण कर लिया जाएगा। राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम के तहत पात्र हितग्राहियों को पेंशन दिया जा रहा है। जल जीवन मिशन के तहत स्वीकृत कुल 1 लाख 99 हजार 940 घरेलू नल कनेक्शन में 1 लाख 44 हजार 358 घरेलू नल कनेक्शन पूर्ण कर लिया गया है। जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार ने बताया कि, महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत 85 प्रतिशत लक्ष्य पूर्ण कर लिया गया है। एनआरएलएम योजना के तहत 1 लाख 45 हजार 775 दिए गए लक्ष्य में 1 लाख 39 हजार 651 पूर्ण कर लिया गया है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत अब तक 1 लाख 18 हजार 820 दिए गए लक्ष्य में से 90 हजार 630 आवास पूर्ण कर लिया गया है। प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत 2 हजार 40 दिए गए लक्ष्य में से 1 हजार 334 आवास पूर्ण कर लिया गया है। इसी प्रकार मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत दिए गए 606 लक्ष्य में से 260 आवास पूर्ण कर लिया गया है। सांसद श्री राठिया ने दिशा की बैठक में दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना, स्वस्थ भारत मिशन, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, डिजिटल इंडिया भूमि अभिलेख आधुनिकीकरण कार्यक्रम, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, राष्ट्रीय स्वास्थ्य ⏭ शेष पेज 4 पर

## धीरे चलें, हेलमेट व सीट बेल्ट का प्रयोग जरूर करें: राठिया



■ पुलिस विभाग की सड़क सुरक्षा समिति की बैठक

लोक सभा क्षेत्र रायगढ़ के सांसद राधेश्याम राठिया की अध्यक्षता में पुलिस विभाग की जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति बैठक जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित की गई। इस दौरान सांसद श्री राठिया ने लोगों में जन जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को हेलमेट और सीट बेल्ट का उपयोग करने के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा, जशपुर जिले में सड़क दुघर्टना को रोकने के लिए सार्थक प्रयास किए जा रहे हैं और अच्छी पहल की जा रही है। उन्होंने लोगों से धीरे चलने सुरक्षित पहुंचने के लिए हेलमेट और सीट बेल्ट का उपयोग करने का आग्रह किया। इस अवसर पर जशपुर विधायक रायमुनि भगत, नगर पालिका अध्यक्ष अरविन्द भगत, नगर पालिका उपाध्यक्ष यश प्रताप सिंह जुदेव जिला पंचायत उपाध्यक्ष शोर्य प्रताप सिंह जुदेव कलेक्टर रोहित व्यास वरिष्ठ पुलिसु अधीक्षक डॉ लाल उमेद सिंह डीएफओ शशि कुमार जिला पंचायत सीईओ श्री अभिषेक कुमार और सभी जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर रोहित व्यास ने बताया कि, लोगों में जन जागरूकता लाने के लिए दुपहिया वाहन चालकों को हेलमेट और चार पहिया चालकों को सीट बेल्ट लगाने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। इसकी शुरुआत कलेक्टोरेट कार्यालय के अधिकारियों और कर्मचारियों से कर दी गई है। कोई भी अधिकारी और कर्मचारी यातायात नियमों का पालन नहीं कर रहा है तो चालान काटने की कार्रवाई की जा रही है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ लाल उमेद सिंह ने बताया कि, हेलमेट और सीट बेल्ट का उपयोग करने के लिए जन जागरूकता और रैली का आयोजन किया जा रहा है। जशपुर में हेलमेट रैली आयोजित की गई है। इस प्रकार पत्थलगांव और कुनकुरी में भी हेलमेट बाइक रैली का भी आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि, शराब पीकर गाड़ी चलाने वाले वाहन चालकों पर कार्रवाई की जा रही है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने बताया कि, जशपुर के नगरीय निकाय के चौक चौराहों पर ⏭ शेष पेज 4 पर

## मुख्यमंत्री साय पहुंचे आगडीह एयरस्ट्रिप, आत्मीय स्वागत



**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आगडीह एयरस्ट्रिप पहुंचे, जहां जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने उनका आत्मीय स्वागत किया। स्वागत करने वालों में सांसद राधेश्याम राठिया, विधायक रायमुनी भगत, जिला पंचायत अध्यक्ष सालिक साय, जिला पंचायत उपाध्यक्ष शौर्य प्रताप सिंह जूदेव, नगर पालिका उपाध्यक्ष यश प्रताप सिंह जूदेव, आईजी दीपक कुमार झा, कलेक्टर रोहित व्यास, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ लाल उमेद सिंह, वनमण्डलाधिकारी शशि कुमार, जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि और अधिकारी शामिल थे।

### बच्चा चोर का आरोप लगाकर युवकों से मारपीट

**अम्बिकापुर।** बहन के यहा शादी में शामिल होकर घर लौट रहे युवकों कोटगांव माझापारा में गांव के ही युवकों ने न सिर्फ बच्चा चोर का आरोप लगाया बल्कि मारपीट करन के बाद युवक की बाइक को आग के हवाले कर दिया। पीड़ित युवक ने घटना की रिपोर्ट लुण्ड्रा थाने में दर्ज कराई है। जानकारी के अनुसार बतौली थाना अंतर्गत ग्राम टेडगा सड़कपारा निवासी संतोष नागेश आ. सुधन नागेश (24 वर्ष) शनिवार को दोस्त नंदू नागेश के साथ बाइक क्रमांक सीजी 13 यूजी 5320 से शादी देखने ग्राम कोट पहाड़पारा निवासी बहन दमाद शोनू नागेश के घर गए थे। शादी देखने के बाद रात के लगभग 9 बजे बाइक से दोनों वापस घर जाने लगे। इसी बीच कोट गावं माझापारा स्थित बोर के पास पानी पीने के लिए रुके तभी वहां मौजूद अनिल व उसके तीन साथियों ने पूछताछ करना शुरू किया तो युवक ने बहन दामाद के शादी देखने आने की बात बताई।

## महिला आरक्षण के बहाने परिसीमन का षडयंत्र रच रही भाजपा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर




महिला आरक्षण की आड़ में भाजपा डी लिमिटेशन को लागू करना चाहती है। अगर ऐसा नहीं है तो भाजपा 2023 में सर्वसम्मति से पारित महिला आरक्षण बिल को लागू क्यों नहीं करती है। यह बातें छत्तीसगढ़ अनुसूचित जनजाति आयोग के पूर्व अध्यक्ष और जिला संगठन प्रभारी भानू प्रताप सिंह ने कांग्रेस भवन में पत्रकारवार्ता को संबोधित करते हुए कही।

उन्होनें कहा कि कांग्रेस हमेशा से ही महिला आरक्षण के पक्ष में रही है। कांग्रेस 33 प्रतिशत के जगह 50 प्रतिश महिला आरक्षण देने का समर्थन करती है। लेकिन हाल ही में संसद के विशेष सत्र के दौरान भाजपा ने महिला आरक्षण के नाम पर जो भी किया, वह उसक एक राजनीतिक स्टंट मात्र था। उन्होनें आरोप लगाया कि, पश्चिम बंगाल सहित अन्य राज्यों में होने वाले मतदान से ठीक पहले महिला आरक्षण बिल को लेकर विशेष सत्र का आयोजन भाजपा की मंशा को उजागर करता है। भानू प्रताप ने कहा कि इस बिल की आड़ में भाजपा परिसीमन करना का षड़यंत्र कर रही थी, जिससे उत्तर भारत में दक्षिण भारत की अपेक्षा लोकसभा की सीटें बढ़ जातीं, और भाजपा को सीधा राजनीतिक लाभ होता। उन्होंने कहा कि, भाजपा के इस मंसूबे को नाकाम करने के लिए कांग्रेस सहित सभी विपक्षी दलों ने एकजुट हो कर भाजपा द्वारा लाए गए महिला आरक्षण बिल के विरोध में मतदान किया, जिससे भाजपा और उसके सहयोगी दलों का राजनीतिक षडयंत्र विफल हो गया।

भानू प्रताप सिंह ने कहा कि, संसद में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा बिल पास कराने का क्रेडिट विपक्ष का देने का चारा भी भाजपा के काम नहीं आया। मिडिया के सवालों का जवाब देते हुए उन्होनें कहा कि, उत्तर और दक्षिण भारत के बीच राजनीतिक दूरी बढ़ाने का काम विपक्ष नहीं, बल्कि भाजपा कर रही है। भाजपा जो करना चाहती है, उससे दक्षिण भारत को कभी देश का नेतृत्व करने का मौका नहीं मिलेगा। वहीं छत्तीसगढ़ में विशेष विधनासभा सत्र के आयोजन पर उन्होनें कहा कि, पहले सरकार को बताना चाहिए कि आखिर किस विषय को लेकर विशेष सत्र का आयोजन किया जा रहा है। पत्रकार वार्ता में जिलाध्यक्ष यूडी मिंज, नगरपालिका के पूर्व अध्यक्ष हीरू निकुंज,पूर्व विधायक विनय भगत, पूर्व जिलाध्यक्ष मनोज सागर यादव, युवक कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष रवि शर्मा, तारो सिंह, सहस्त्रांशु पाठक, ब्लाक अध्यक्ष सतीश गुप्ता, किरणकांति सिंह, महिला कांग्रेस की जिलाध्यक्ष प्यारी कुजूर सहित कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## तपती दोपहर में ग्रामीणों के बीच पहुंचे डीडीसी गेंदबिहारी

**ग्रामीणों की समस्याएं सुन निराकरण का दिया आश्वासन**





हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिले के बगीचा विकासखंड के अंतिम छोर महनई और बुर्जुडीह में जिला पंचायत सदस्य गेंदबिहारी सिंह तपती दोपहर में ग्रामीणों के बीच पहुंचे। इस दौरान उन्होंने पेड़ की छांव में बैठकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और मौके पर ही समाधान का भरोसा दिलाया।

डीडीसी गेंदबिहारी सिंह ने महनई के मनुपाठ क्षेत्र में करीब 100 एकड़ में हो रही उन्नत खेती का जायजा लिया। यहां किसान टमाटर, मिर्च, बैंगन सहित अन्य फसलों की खेती कर रहे हैं।खेती के इस मॉडल की सराहना करते हुए उन्होंने किसानों को जैविक खाद के उपयोग के लिए प्रेरित किया, ताकि उत्पादन के साथ-साथ मिट्टी की गुणवत्ता भी बनी रहे। जनसंपर्क के दौरान किसानों ने जिला पंचायत सदस्य से फसलों की सिंचाई के लिए ट्रांसफार्मर की मांग रखी। इस पर डीडीसी ने जल्द ट्रांसफार्मर लगवाने का आश्वासन दिया। इस दौरान भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला सोशल मीडिया प्रभारी अशोक कुमार यादव, भाजयुमो जिला मंत्री जयशंकर यादव, बुर्जुडीह सरपंच बुद्धेश्वर पैकरा, महेश राम यादव, बूथ अध्यक्ष, सचिव एवं क्षेत्र के वरिष्ठजन उपस्थित रहे।




## सुशासन तिहार 2026: 1 मई से 10 जून तक लगेंगे शिविर

# लोगों की समस्याओं का किया जाएगा समाधान: सीईओ

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार ने सोमवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय सीमा की बैठक लेकर सुशासन शिविर के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि, छत्तीसगढ़ शासन द्वारा आमजन की समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी निराकरण के उद्देश्य से इस वर्ष भी "सुशासन तिहार 2026" के आयोजन व्यापक पैमाने पर किया जाएगा।

इस संबंध में सभी जनपद पंचायत सीईओ को शिविर के लिए ग्राम पंचायतों में जगह का चिन्हांकन करने और अभियान के सफल आयोजन को लेकर विस्तृत दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि, आम नागरिकों को पारदर्शी, सरल एवं त्वरित सेवाएं उपलब्ध कराना जिला ⏭ शेष पेज 4 पर



### मुख्यमंत्री करेंगे विकास कार्यों का औचक निरीक्षण

अभियान के दौरान मुख्यमंत्री श्री साय स्वयं विभिन्न जिलों में पहुंचकर विकास कार्यों और योजनाओं के क्रियान्वयन का औचक निरीक्षण करेंगे तथा हितग्राहियों से फीडबैक लेंगे। इसके साथ ही जिला मुख्यालयों पर अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित कर समाधान शिविरों में प्राप्त आवेदनों के निराकरण की स्थिति एवं योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की जाएगी। मुख्यमंत्री द्वारा निरीक्षण एवं समीक्षा बैठक के उपरांत प्रेसवार्ता को संबोधित किया जाएगा तथा विभिन्न सामाजिक संगठनों एवं नागरिकों से भेंट कर सुझाव प्राप्त किए जाएंगे।

### 1 मई से 10 जून तक जन समस्या निवारण शिविर

सुशासन तिहार के अंतर्गत 1 मई से 10 जून 2026 तक प्रदेश भर में जन समस्या निवारण शिविरों का आयोजन किया जाएगा। ग्रामीण क्षेत्रों में 15 से 20 ग्राम पंचायतों के समूह तथा शहरी क्षेत्रों में वार्ड क्लस्टर के आधार पर शिविर आयोजित होंगे। इन शिविरों में शासन की विभिन्न योजनाओं के संबंध में व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाया जाएगा तथा पात्र हितग्राहियों को मौके पर ही लाभ वितरण किया जाएगा। शिविरों में प्राप्त आवेदनों का अधिकतम एक माह के भीतर निराकरण सुनिश्चित करने तथा प्रत्येक आवेदक को उसके आवेदन की स्थिति की जानकारी देने के निर्देश भी दिए गए हैं। जिला पंचायत सीईओ ने बताया कि मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए हैं कि, अभियान के दौरान मंत्रीगण, सांसद एवं विधायकगण, मुख्य सचिव एवं प्रभारी सचिव समय-समय पर शिविरों में शामिल होकर व्यवस्थाओं का निरीक्षण करेंगे और आमजन से संवाद स्थापित करेंगे।

## खबर संक्षेप



### अक्षय तृतीया पर भगवान परशुराम जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया

**बिश्रामपुर।** अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर सोमवार को बिश्रामपुर सहित जिले भर में भगवान परशुराम जन्मोत्सव श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस दौरान विभिन्न धार्मिक स्थलों पर पूजन, हवन, आरती एवं प्रसाद वितरण के कार्यक्रम आयोजित किए गए। गायत्री प्रज्ञा पीठ बिश्रामपुर के यज्ञशाला में विधि-विधान से पूजन एवं हवन का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर यज्ञ मंडप में आहुति दी। कार्यक्रम के दौरान गायत्री परिवार के सदस्यों द्वारा प्रस्तुत भजनों ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। आरती और जयघोष के साथ प्रसाद वितरण कर आयोजन संपन्न हुआ। वहीं सूरजपुर जिला मुख्यालय स्थित परशुराम धाम में भी विशेष पूजन, हवन और आरती का आयोजन किया गया। महिला मंडली द्वारा प्रस्तुत मधुर भजनों ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। इस अवसर पर सर्व ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष मनोज अवस्थी सहित पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे। आयोजन से पूर्व मंदिर परिसर को आकर्षक झंडों और झालरों से सजाया गया था, जिससे पूरे क्षेत्र में उत्सव का माहौल देखने को मिला।

### महामाया वार्ड में नाली निर्माण का किया गया भूमि पूजन



**अम्बिकापुर।** शहर के महामाया वार्ड अंतर्गत स्टेट बैंक रोड में नाली निर्माण का भूमि पूजन ननि लोक निर्माण विभाग के एमआईसी सदस्य मनीष सिंह के मुख्य आतिथ्य एवं वार्ड पार्षद व एमआईसी सदस्य प्रियंका विकास गुप्ता द्वारा किया गया। भूमि पूजन के दौरान एमआईसी सदस्य शशि कांत जायसवाल, भाजपा नगर मंत्री अतीश सिंह राजपूत, अनुसूचित जाति के पूर्व जिला अध्यक्ष नकुल सोनकर, सतीश जैन, आलोक सिंह, गप्पू , विकाश गुप्ता, नीरज वर्मा, छाया, नीतिन गुप्ता, अनुज सिंह, अमित गुप्ता, दीपक सोनी, विवेक सोनी, संतोष अग्रवाल, शिफा मेडिकल, प्रेम दुबे, सम्बंधित ठेकेदार सहित सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी मौजूद रहे। गौरतलब है कि नाली निर्माण नहीं होने स्टेट बैंक के समीप बारिश के दौरान जल भराव की स्थिति निर्मित हो जाती थी। ऐसे में मार्ग से गुजरने वाले राहगीर के अलावा मोहल्ले के लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। मोहल्ले वासियों द्वारा नाली निर्माण की मांग लंबे समय से की जा रही थी। अब नाली निर्माण होने से बारिश के दिनों में लोगों को राहत मिलले की उम्मीद है।

### सेवानिवृत्त कर्मियों के सेटलिंग इन अलाउंस में हुआ इजाफा

**बिश्रामपुर।** कोल इंडिया लिमिटेड ने अपने गैर-कार्यकारी नॉन-एग्जीक्यूटिव कर्मचारियों के लिए एक अहम और राहत भरा फैसला लिया है। कंपनी के निदेशक मंडल की हालिया बैठक में सेवानिवृत्ति के बाद मिलने वाले सेटलिंग-इन अलाउंस को बढ़ाने पर मुहर लगाई गई है, जिससे हजारों कर्मचारियों को सीधा फायदा मिलने वाला है। ज्ञात हो कि कोलकाता स्थित मुख्यालय में 31 जुलाई 2025 को आयोजित 481 वीं बोर्ड बैठक में यह निर्णय लिया गया कि सेवानिवृत्ति के समय मिलने वाला सेटलिंग-इन अलाउंस अब 12 हजार से बढ़ाकर 20 हजार रुपए कर दिया गया है। यह बढ़ोतरी तुरंत प्रभाव से लागू कर दी गई है। हालांकि इस सुविधा के साथ एक शर्त भी जुड़ी है कि जो कर्मचारी कंपनी के क्वार्टर या लीज आवास में रह रहे हैं, उन्हें यह अलाउंस तभी मिलेगा जब वे आवास खाली करने का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करेंगे। यह प्रमाण पत्र अधिकृत अधिकारी द्वारा जारी किया जाएगा। इस निर्णय के बाद कोयला क्षेत्रों में कार्यरत कोल कर्मचारियों और सेवानिवृत्ति की ओर बढ़ रहे कर्मियों के बीच खुशी देखी जा रही है। नई व्यवस्था से सेवानिवृत्त कर्मचारियों को शुरुआती खर्चों, स्थानांतरण, घर बसाने आदि में मदद, आर्थिक सुरक्षा की भावना को मजबूती, कर्मचारियों के मनोबल में वृद्धि होगी।

### पुरानी रंजिश को लेकर युवक से मारपीट, अपराध दर्ज

**अम्बिकापुर।** पुरानी रंजिश को लेकर गांव के ही युवकों ने एक युवक पर जानलेवा हमला कर दिया। रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है।जानकारी के अनुसार लुंड्रा थाना अंतर्गत ग्राम उपरपोड निवासी हरि आ. स्व. धनसाय (32 वर्ष) शनिवार को घर के सामने खड़ा था तभी गांव के ही सुकुल, रामू, राजा, गोहों, सूरज, छोटू, व भोलू मौके पर पहुंचे और पुरानी रंजिश को लेकर गाली-गलौज करते हुए लाठी, डंडे से जानलेवा हमला कर दिया। मारपीट से अचेते होने पर युवकों ने हरि को नाली में फेंक कर फरार हो गए। इधर घटना की जानकारी लगने पर पीड़ित युवक के दोस्तों ने उसे नाली से निकाल कर अस्पताल में भर्ती कराया।

## सड़क पर बिखरे मुरूम पत्थर, राहगीरों की बढ़ी परेशानी

# करोड़ों की लागत बनी नई सड़क फिर भी राहगीरों के लिए खतरनाक

हरिभूमि न्यूज ⏭ मानीचौक

सलका रजवारी पारा से रेड नदी तक बनी नई पक्की सड़क अब राहगीरों के लिए खतरनाक हो गया है। साइड सोल्डर में भरे गए मुरम पत्थर सड़क पर फैल जाने से न सिर्फ सड़क खराब होने लगी है बल्कि मार्ग से गुजरने वाले वाहन चालकों के लिए परेशान के सबब बन गए है। ऐसा नहीं है कि सड़क पर बिखरे मुरम पत्थर को व्यवस्थित करने की मांग लोगों ने नहीं की है बावजूद इसके किसी प्रकार की पहल नहीं करने से क्षेत्र के लोगों में काफी आक्रोश है।

**खास बात**

- पत्थरों के धसने से सड़क हो रही खराब

क्षेत्र के ग्राम पंचायत सलका रजवाड़ी पारा से रेड नदी तक हाल ही में निर्मित डामरीकृत सड़क एक बार फिर चर्चा का विषय बन गया है। इस बार कारण गुणवत्ता नहीं बल्कि ठेकेदार की लापरवाही है। ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क निर्माण के बाद अब किनारों पर डाले जा रहे मुरूम पत्थर के कारण पूरी सड़क की हालत बिगड़ती जा रही है। ग्रामीणों के अनुसार सड़क का निर्माण अच्छे स्तर पर किया गया है और डामरीकरण भी संतोषजनक था। लेकिन अब सड़क के दोनों किनारों पर जो मुरूम डाला जा रहा है, वह बिना किसी मानक के डाला जा रहा है। इस मुरूम में बड़े-बड़े पत्थर मौजूद हैं, जिन्हें सीधे सड़क के किनारे गिरा दिया जाता है। ऐसे में पत्थर मुख्य डामरीकृत सड़क पर आकर धंस रहे हैं और सड़क को नुकसान पहुंचा रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि मुरूम डालते समय यह ध्यान नहीं रखा जा रहा कि वह केवल साइड सोल्डर तक सीमित रहे। कई जगहों पर मुरूम सड़क के ऊपर तक फैल गया है, जिससे न केवल सड़क की सतह खराब हो रही है बल्कि मार्ग से गुजरने वाले राहगीरों के लिए भी परेशानी के सबब बन गए है। इसके अलावा, जेसीबी मशीन से मुरूम को फैलाने और समतल करने की प्रक्रिया में सड़क की डामरी परत को नुकसान पहुंच रहा है, जिससे सड़क की स्थिति दयनीय हो जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि समय रहते सड़क से मुरूम पत्थर को व्यवस्थित नहीं किया गया तो आने वाले दिनों में सड़क की हालत और भी दयनीय हो जाएगी।



नवनिर्मित सड़क पर बिखरे मुरूम पत्थर।

### ग्रामीण करा चुके है काम बंद

ग्रामीणों द्वारा लंबे समय से पक्की सड़क निर्माण की मांग पर जब सड़क निर्माण शुरू हुआ तो घटिया सड़क निर्माण कराने पर ग्रामीणों ने विरोध करते हुए काम बंद करा दिया था। सड़क की साइड शोल्डर के उखड़ जाने तथा वाहनों की भार सहने योग्य नहीं होने पर ग्रामीणों ने गुणवत्तापूर्ण सड़क निर्माण की मांग की। ग्रामीणों की मांग पर अधिकारी ने मौके के निरीक्षण किया जिसके बाद सड़क निर्माण गुणवत्ता में सुधार आया। लेकिन अब सड़क पर बिखरे मुरूम ने नई समस्या खड़ी कर दी है जिसे लेकर ग्रामीणों में काफी आक्रोश है।

### कई बार की जा चुकी है शिकायत

ग्रामीणों का कहना है कि सड़क पर बिखरे मुरूम पत्थर को व्यवस्थित करने संबंधित विभाग के अधिकारियों से कई बार शिकायत की जा चुकी है बावजूद इसके आज तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है। अधिकारियों के चुप्पी साध लेने से अब लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। ग्रामीणों ने जल्द से जल्द उचित जांच और सुधार की मांग की है। अगर समय पर इस ओर ध्यान नहीं दिया गया तो अल्प अवधि में ही सड़क खराब हो जाएगी।

### रोलर से कराएंगे पिचिंग

साइड सोल्डर में मुरम का रोलर से पिचिंग कराएंगे। सड़क पर जो मुरूम बिखरे है उसे तत्काल नीचे कराकर पिचिंग का कराया जाएगा। मुरूम का पिचिंग होने के बाद परेशानी नहीं होगी।

-कंचन मंडल, सब इंजीनियर



## प्रसव पीड़ा से छटपटाती रही महिला, नहीं पहुंची एम्बुलेंस

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिहारपुर

स्वास्थ्य केंद्र महुली में ताला लटकने के कारण ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सोमवार को एक महिला को प्रसव पीड़ा होने पर परिजन ने 102 एवं 108 एम्बुलेंस के लिए परेशान रहें। परिजन द्वारा एम्बुलेंस के लिए फोन लगाने पर मध्यप्रदेश में लग रहा था। घंटों परेशान होने के बावजूद एम्बुलेंस की सेवा नहीं मिली तो परिजन ने किसी तरह निजी वाहन की व्यवस्था की।

दूरस्थ ग्राम बैजनपाट निवासी श्रीमती सोनमति गोड़ पति राम बिसाले गोड़ (22वर्ष) को प्रसव पीड़ा होने पर परिजन ने 102 एवं 108 एम्बुलेंस को सूचना देने फोन लगाने घंटो परेशान रहे। फोन स्वास्थ्य केंद्र के बजाय मध्यप्रदेश में लग रहा था। दूरस्थ ग्राम बैजनपाट दूरसंचार की दृष्टि से पहुंचविहीन है। परिजन ने पहाड़ी पर चढ़कर भी फोन लगाया लेकिन बात नहीं हो सकी। अंत में परिजन निजी वाहन से पीड़िता को लेकर अस्पताल गए। इस संबंध में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डॉ.सुरेश कुमार मिश्रा ने कहा कि मामले में कोई भी कोई भी मदद नहीं कर सकता वहीं सीएमएचओ डॉ.कपिलदेव पैकरा ने बताया कि पहुंचविहीन क्षेत्र का मामला है। मैं देखता हूं।

## महिलाओं को स्वावलंबी बनाने बिहान योजना हुई घोटाले की शिकार, पीआरपी ने किया लाखों का गबन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर



ग्रामीण महिलाओं को स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाने सरकार द्वारा शुरू की गई। छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान घोटाले की भेंट चढ़ गई। इस बहुउद्देश्यीय योजना से महिलाएं तो आत्मनिर्भर नही हुई।लेकिन सरकार की अति महत्वाकांक्षी योजना बिहान योजना भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई। इस योजना से पीआरपी ने बीते साल लाखों रुपये गबन कर लिया। इस बात का खुलासा होने के बाद अधिकारियों को पीआरपी से गबन की राशि वसूलने में पसीने छूट रहे है। बिहान योजना में गबन के बाद पीआरपी को हटाने के आदेश जारी होने के बाद भी अभी तक पद पर डटी हुई है। पीआरपी का अभी तक नही हटना विभागीय अधिकारियों की मंशा पर सवाल खड़े कर रहा है।

विदित हो कि ग्रामीण महिलाओं को स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से सशक्त बनाने स्वरोजगार और आत्मनिर्भर बनाने छतीसगढ़ सरकार ने राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान योजना संचालित कर रही है। यह मिशन स्व सहायता समूहों के गठन वित्तीय समावेशन कौशल प्रशिक्षण एवं विपणन सहायता के जरिये ग्रामीण परिवारों की आय बढ़ाने एवं स्वावलंबी बनाने का काम करती है। इस मिशन के जरिये महिलाओं को जोड़कर सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने की जगह इसे जुड़े लोग आत्मनिर्भर बनने लगे। आजीविका मिशन के तहत बिहान योजना से संलग्न सामुदायिक संस्थानों से लाखों रुपए गबन कर लिया गया। ग्राम भुषु में पदस्थ गंगा आजीविका संकुल स्तरीय संगठन की पीआरपी राजकिशोरी कुजूर ने 2022 से 2024 के बीच पांच ग्राम संगठनों से 5 लाख 90 हजार रुपए नियम विरुद्ध गबन कर लिया। इस बात का खुलासा जनपद पंचायत स्तर पर गठित जांच कमेटी द्वारा जांच के बाद हुआ। जांच में खुलासा होने के बाद मामला जिले के अधिकारियों तक पहुंचा। तब जाकर इसमे एक्शन हुआ और जिले के अधिकारी के दिशा निर्देश पर पीआरपी के विरुद्ध गबन राशि वसूलने की कार्रवाई शुरू की गई। सालों पूर्व पीआरपी द्वारा किए गए गबन की राशि वसूलने में अधिकारियों के पसीने छूट गए। काफी मशक्कत के बाद अधिकारियों ने पीआरपी से 3 लाख 63 हजार 9 सौ 99 रुपये वसूली की है। जिसे संकुल स्तरीय संगठन के अंतर्गत आने वाले विभिन्न ग्राम संगठनों को वापस किया गया। अभी भी गबन की राशि 2 लाख 26 हजार 1 रुपये वसूलना बाकी है। जिसको लेकर स्थानीय अधिकारी गंभीर नजर नही आ रहे है।

इस संबंध में सीईओ जनपद पंचायत जयगोविंद गुप्ता ने बताया कि पीआरपी से संबंधित मामला जिला पंचायत कार्यालय में विचाराधीन है। वहां से दिशा निर्देश जारी होने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### अचीवर्स इंटरनेशनल स्कूल में 10 दिवसीय समर कैंप का आयोजन

**प्रतापपुर।** अचीवर्स इंटरनेशनल स्कूल द्वारा विद्यार्थियों के तकनीकी कौशल और रचनात्मक क्षमता को विकसित करने के उद्देश्य से एक विशेष 10 दिवसीय आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं रोबोटिक्स समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। यह कैंप नियमित समर कैंप के अतिरिक्त आयोजित किया जा रहा है, जिसमें कक्षा 5 से 12 तक के विद्यार्थी भाग ले सकेंगे। विद्यालय प्रबंधन के अनुसार इस कैंप में छात्रों को आधुनिक तकनीकों जैसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, कोडिंग एवं रोबोटिक्स का व्यावहारिक ज्ञान दिया जाएगा। प्रशिक्षण के लिए नई दिल्ली से विशेषज्ञ प्रशिक्षकों को आमंत्रित किया गया है, जो बच्चों को सरल एवं रोचक तरीके से सीखने का अवसर प्रदान करेंगे। कैंप में प्रत्येक छात्र को रोबोटिक्स किट उपलब्ध कराना, पूरी तरह प्रैक्टिकल एवं हैंड्स-ऑन लर्निंग, तथा तकनीकी अवधारणाओं की आधारभूत जानकारी शामिल है। कार्यक्रम 8 से 10 दिनों तक चलेगा, जिसमें प्रतिदिन 2 घंटे का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

## रीजनल वर्कशॉप में सेंधमारी लाखों के कॉपर तार की चोरी




हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र के रीजनल वर्कशॉप में अज्ञात चोरों ने स्ट्रांग रूम में सेंधमारी कर लाखों रुपये के कॉपर तार और अन्य सामान पार कर दिया। घटना का खुलासा सोमवार सुबह तब हुआ, जब कर्मचारी कार्यस्थल पहुंचे और स्ट्रांग रूम में तोड़फोड़ सेंधमारी की घटना देखी।

जानकारी के अनुसार, स्टोर में रखे करीब तीन क्विंटल कॉपर वायर सहित अन्य महंगे उपकरण गायब पाए गए हैं। चोरी गए सामान की कीमत लाखों रुपये आंकी जा रही है। कर्मचारियों ने तत्काल इसकी सूचना उच्च प्रबंधन को दी, जिसके बाद मामले की जांच शुरू की गई। गौरतलब है कि जिस स्थान पर चोरी हुई, वहां सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम होने का दावा किया जाता है। वर्कशॉप में सीसीटीवी कैमरे लगे हैं और सुरक्षा कर्मियों की ड्यूटी भी रहती है। इसके बावजूद इतनी बड़ी चोरी होने से सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं। कर्मचारियों के बीच चर्चा है कि इस तरह की घटनाएं पहले भी सामने आ चुकी हैं, लेकिन हर बार मामला दबा दिया जाता है।

कुछ कर्मचारियों ने इस घटना में अंदरूनी मिलीभगत की आशंका भी जताई है। वहीं क्षेत्र में अवैध कबाड़ कारोबार के फिर से शुरू होने की भी चर्चा है, जिसके जरिए चोरी के सामान को खपाए जाने की संभावना व्यक्त की जा रही है।

## पेट्रोल पंप कर्मचारी ने स्कूटी की टंकी फुल नहीं की तो युवती ने की पिटाई

**अम्बिकापुर।** सीतापुर क्षेत्र में पेट्रोल की किल्लत इस कदर हो गई है अब पेट्रोल पंप ड्राई की स्थिति पहुंच गई है। ऐसे में पेट्रोल पंप संचालक वाहन सवार लोगों के लिए पेट्रोल पंप में एक निर्धारित राशि तक ही पेट्रोल देना शुरू कर दिए है। ऐसे में अब पेट्रोल पंप में मारपीट की स्थिति निर्मित होने लगी है। शनिवार को जब एक युवती पेट्रोल पंप में अपनी स्कूटी की टंकी फुल करने कहा तो कर्मचारी ने निर्धारित राशि तक ही पेट्रोल देने की बात कही जिससे दोनों के बीच न सिर्फ विवाद हुआ बल्कि युवती ने एक युवक के साथ मिलकर कर्मचारी की जमकर पिटाई कर दी। पीड़ित ने घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई है।

- सीतापुर क्षेत्र स्थित पेट्रोल पंप ड्राई की स्थिति, मारपीट की नौबत

जानकारी के अनुसार सीतापुर थाना अंतर्गत ग्राम सोनतराई निवासी मनोहर दास आ. शिव कुमार दास सीतापुर स्थित एक पेट्रोल पंप में काम करता है। हर रोज की भांति शनिवार को ड्यूटी कर रहा था। इसी दौरान शाम लगभग 6.45 बजे उरांव पारा की सालू मिंज पेट्रोल डलवाने पहुंची और कर्मचारी मनोहर को अपनी स्कूटी में पेट्रोल टंकी फुल करने की बात कही। जिस पर मनोहर ने कहा कि पेट्रोल पंप मालिक बोला है कि पेट्रोल पंप में स्टॉक कम है और सभी ग्राहक को 2-2 सौ रुपए का पेट्रोल देना है। कर्मचारी ने जब टंकी फुल करने से मना किया तो युवती विवाद करने लगे जिसे देख मैनेजर मौके पर पहुंचा और सालू मिंज को समझाइश दी। जिस पर सालू मिंज ने दो सौ रूपए का पेट्रोल डलवाने के बाद गाली गलौज करने के साथ जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट करना शुरू कर दिया। वहीं सालू के साथ आए युवक ने भी कर्मचारी की जमकर पिटाई कर दी। कर्मचारी के साथ मारपीट करने पर संचालक व मैनेजर मौके पर पहुंचे और बीच बचाव कर मामला शांत कराया। पीड़ित कर्मचारी ने घटना की रिपोर्ट सीतापुर थाने में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) के तहत अपराध दर्ज किया है।

## बाबा साहेब के विचारों को अपनाएं : रामसेवक

**अम्बिकापुर।** डॉ.अंबेडकर जयंती पखवाड़ा के अवसर पर भाजपा मंडल देवगढ़ के ग्राम खम्हरिया में भाजपा सरगुजा द्वारा जिला संगोष्ठी सममेलन एवं समरसता भोज का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत में अतिथियों और भाजपा कार्यकर्ताओं ने भारत माता, बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर, पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों के समक्ष दीप प्रजवलित कर पुष्पाजंलि अर्पित की।

मुख्य अतिथि वन विकास निगम के अध्यक्ष रामसेवक पैकरा व भाजपा जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया के साथ रामलखन पैकरा, कार्यक्रम संयोजक मधुसूदन शुक्ला, जिला पंचायत सदस्य राधा रवि और मंडल अध्यक्ष अखंड विधायक सिंह ने सम्मेलन को संबोधित किया। वन विकास निगम क अध्यक्ष रामसेवक पैकरा ने अपने संबोधन में कहा कि बाबा साहेब अंबेडकर संविधान निर्माता के रूप में भारतीय समाज को समानता, स्वतंत्रता और बंधुत्व का मूलमंत्र प्रदान करने वाले महान व्यक्तित्व थे। बाबा साहेब के सपनों को साकार करने के लिए हमें सामाजिक समरसता को मजबूत करना होगा। जातिवाद की दीवारें तोड़कर एक भारत, श्रेष्ठ भारत का निर्माण ही सच्ची श्रद्धांजलि होगी। जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया ने कहा कि डॉ.अंबेडकर के विचार आज भी प्रासंगिक है और भाजपा इन्हें अपनी नीतियों में उतार रही है।




## अक्षय तृतीया एवं भगवान परशुराम जयंती के अवसर पर विचार गोष्ठी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

अक्षय तृतीया एवं भगवान परशुराम जयंती के अवसर पर महामना मालवीय मिशन द्वारा मालवीय भवन में श्रीमद्भगवद्गीता के तेरहवें अध्याय का सामूहिक पाठ एवं विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भगवान परशुराम के जीवन-दर्शन के साथ-साथ शरीर और आत्मा के रहस्य पर प्रकाश डाला।




कार्यक्रम में वक्ताओं ने विशेष रूप से गीता के तेरहवें अध्याय क्षेत्र-क्षेत्रज्ञ विभाग योग की दार्शनिक गहराइयों को सरल भाषा में प्रस्तुत किया। ललित मोहन तिवारी ने कहा कि मानव जीवन का सबसे बड़ा प्रश्न सदैव यही रहा है कि मनुष्य वास्तव में क्या है, क्या वह केवल शरीर है या उससे परे कोई शाश्वत तत्व भी विद्यमान है। उन्होंने बताया कि इस प्रश्न का उत्तर भगवान श्रीकृष्ण द्वारा अर्जुन को दिए गए उपदेशों में मिलता है। इसी क्रम में भगवान परशुराम के जीवन-दर्शन पर प्रकाश डालते हुए राम नारायण शर्मा ने कहा कि केवल शक्ति और पराक्रम के प्रतीक नहीं, बल्कि धर्म-संरक्षण, न्याय और तपस्या के अद्वितीय आदर्श हैं। परशुराम का जीवन यह सिखाता है कि जब-जब समाज में अधर्म और अन्याय बढ़ता है, तब सजग और संयमित शक्ति का प्रयोग आवश्यक हो जाता है। उनका तप, त्याग और गुरु-परंपरा के प्रति समर्पण यह दर्शाता है। दुर्गा प्रसाद तिवारी ने स्पष्ट किया कि गीता के अनुसार यह शरीर क्षेत्र है, जहाँ जीवन की सभी क्रियाएं घटित होती हैं। ब्रह्म शंकर सिंह ने कहा कि प्रत्येक शरीर में आत्मा विद्यमान है, किंतु समस्त प्राणियों में व्याप्त परम चेतना ही परमात्मा है। राज नारायण द्विवेदी ने कहा कि गीता का यह अध्याय ज्ञान के गुणों को भी स्पष्ट करता है। प्रकाश कश्यप ने कहा कि मनुष्य का दुःख इस भ्रांति से उत्पन्न होता है कि वह स्वयं को केवल शरीर मान लेता है, जबकि आत्मा शाश्वत और अविनाशी है। जयप्रकाश चौबे ने बताया कि जब मनुष्य इस सत्य को आत्मसात कर लेता है, तब उसके जीवन में समत्व और शांति का भाव विकसित होता है। डॉ. जीके अग्रवाल ने कहा कि यह अध्याय प्रकृति और परमात्मा के संबंध को समझने की प्रेरणा देता है, जबकि अशोक सोनकर ने इसे मोक्ष का मार्ग बताया। सच्चिदानंद पांडेय ने कहा कि यह मनुष्य को शरीर की सीमाओं से ऊपर उठकर आत्मा की शाश्वत चेतना को पहचानने की प्रेरणा देता है।

## समय-सीमा की बैठक में सुशासन तिहार की तैयारियों पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर



कलेक्टर एस जयवर्धन की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक आयोजित की गई, जिसमें मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशानुरूप सुशासन तिहार के आयोजन को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में शासन के निर्देशानुसार जन शिकायतों के त्वरित, समयबद्ध एवं प्रभावी निराकरण के उद्देश्य से 1 मई से 10 जून तक जन समस्या निवारण शिविरों के आयोजन की रूपरेखा पर व्यापक विमर्श किया गया।

कलेक्टर एस जयवर्धन ने सुशासन तिहार के सफल संचालन हेतु आदेश जारी करते हुए जिले के समस्त जनपद पंचायतों में क्लस्टरवार समाधान शिविरों की तिथि, स्थान एवं नोडल अधिकारियों का निर्धारण कर दिया है। बैठक में उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि 30 अप्रैल तक राजस्व प्रकरण, मनरेगा भुगतान, हितग्राही मूलक योजनाएं, आय, जाति एवं निवास प्रमाण पत्र, विद्युत एवं हैंडपंप आदि से संबंधित समस्त लंबित प्रकरणों का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण सुनिश्चित किया जाए। कलेक्टर ने बताया कि 1 मई से 10 जून तक ग्रामीण क्षेत्रों में क्लस्टरवार जन समस्या निवारण शिविरों का आयोजन किया जाएगा। इन शिविरों में प्राप्त समस्त आवेदनों का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित किया जाएगा तथा विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार भी किया जाएगा, जिससे पात्र हितग्राहियों को शासन की योजनाओं का अधिकतम लाभ पहुंच सके।



# एक ही तरह की भूमिकाओं से बचने के लिए छोड़ दिया अभिनय

**मुंबई।** अभिनेता और फिल्म निर्माता अनुराग कश्यप अपनी चुनिंदा भूमिकाओं के लिए जाने जाते हैं। हाल ही में उन्होंने फिल्मों से ब्रेक लेने की बात पर खुलकर बात की है। अनुराग कश्यप इन दिनों अपनी फिल्म 'डकैत' को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। एक खबर के अनुसार, 53 साल के अनुराग कश्यप ने फिल्मों से ब्रेक लेने की बात पर कहा कि उन्हें बार-बार एक ही तरह की भूमिकाएं मिल रही थीं। इससे बचने के लिए उन्होंने जानबूझकर अभिनय छोड़ दिया था। वे नहीं चाहते थे कि लोग उन्हें एक तय स्क्रीन इमेज में देखने लगें। उन्होंने हाल ही में तेलुगु फिल्म डकैत में काम करके तेलुगु सिनेमा में डेब्यू किया है। इस फिल्म में आदिवी शेष और मृणाल ठाकुर मुख्य भूमिका में हैं।

## लाइफ Style



# जैस्मीन

## माता-पिता से कई बार मिला दर्द

एजेंसी ⏭ मुंबई

जैस्मीन सैंडलस ने धुरंधर फिल्म में कई गानें दिए हैं, जैसे- धुरंधर का टाइटल ट्रैक, शरारत, मैं और तू। इनमें से सबसे ज्यादा पॉपुलैरिटी धुरंधर 2 के गाने जाइए सजना ने बटोरी। इस गाने पर उनका लाइव परफॉर्मेंस भी काफी वायरल हुआ।

अब हाल ही में उन्होंने स्ट्रगल्स को लेकर खुलकर बात की। रणवीर अल्लाहबादिया के पॉडकास्ट में जैस्मीन ने कहा, 'मैंने काफी स्ट्रगल किया है। मुझे लगता है कि बड़े होते हुए मैंने अपनी जिंदगी के कई ऐसे दौर देखे, जहां मुझे चीजों को खुद समझना पड़ा। वो सफर आसान नहीं था। जिंदगी में बहुत कुछ होता है। यह माता-पिता के लिए भी मुश्किल होता है, लेकिन, बच्चों के लिए भी। हमें सही मार्गदर्शन और प्यार की जरूरत होती है माता-पिता बच्चों के साथ इतने सख्त क्यों होते हैं?' उन्होंने आगे कहा, 'जब जिंदगी सच में मुश्किल होती है, तब आपको सहारे की जरूरत महसूस होती है। उन 2-3 वर्षों में जब मैं शराब पीती थी, मुझे अपने कुछ फैसलों का अफसोस है। बहुत सारी चीजें एक साथ हो रही थीं। एक तरफ मैं मशहूर हो रही थी, दूसरी तरफ अंदर से बहुत कुछ महसूस कर रही थी, परिवार में समस्याएं थीं, मेरे पिता नहीं रहे थे, और मैं सफल भी थी। मैंने जरूरत से ज्यादा शराब पी, जिसका मुझे अफसोस है, लेकिन उस समय मेरे लिए वो जरूरी लग रहा था।' उन्होंने आगे कहा, 'मुझे बचपन में अपने माता-पिता से कई बार दिल टूटने का दर्द मिला। उन्होंने अनजाने में कई बार मेरा दिल दुखाया, इसलिए कहीं न कहीं मन में थोड़ी नाराजगी भी है।

## हॉलीवुड मसाला



# कई टीवी फिल्मों में भी किया काम

**लॉस एंजिल्स।** एक्टर और प्रोड्यूसर पैट्रिक मुल्डून का 19 अप्रैल को दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया है। वह 57 साल के थे। वह शो 'डेज ऑफ अवर लाइव्स' और फिल्म 'स्टारशिप ट्रूपर्स' में अपनी भूमिकाओं के लिए जाने जाते थे। कैलिफोर्निया के सैन पेड्रो में जन्मे मुल्डून ने यूएससी से ग्रेजुएशन किया। 1990 के दशक के आखिर और 2000 के दशक में कई टीवी फिल्मों में भी काम किया। बड़े पर्दे पर, मुल्डून ने 1997 की फिल्म 'स्टारशिप ट्रूपर्स' में अभिनय किया।



# 50 साल से ज्यादा के कॅरियर में जीते चार सीजर अवॉर्ड

**लॉस एंजिल्स।** डाउनटन एबे' और 'कैच मी इफ यू कैन' जैसी फिल्मों की मशहूर फ्रांसीसी अभिनेत्री नथाली बे का 77 साल की उम्र में निधन हो गया। फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने अभिनेत्री को श्रद्धांजलि देते हुए एक पोस्ट शेयर किया है। नथाली का जन्म 6 जुलाई 1948 को फ्रांस के नॉर्मंडी में हुआ था। उन्होंने पेरिस के नेशनल कंजर्वेटरी से अभिनय की ट्रेनिंग ली थी। 1970 के दशक में उन्होंने फिल्मों में काम शुरू किया। उन्होंने अपने 50 साल से ज्यादा के कॅरियर में चार सीजर अवॉर्ड जीते थे। नथाली के शुरुआती दिनों में फ्राँस्वा त्रूफ़ो की 'डे फॉर नाइट' और जीन-ल्यूक गोडार्ड की फिल्म शामिल हैं। उन्होंने मार्टिन गेरे की वापसी और वीनस ब्यूटी इंस्टीट्यूट जैसी लोकप्रिय फ्रेंच फिल्मों में भी काम किया है। इसके अलावा हॉलीवुड में उन्होंने कैच मी यू केन में लियोनार्डो डिकैप्रियो की मां का रोल निभाया।



# ब्रेकअप के बाद काफी टूट गई थीं ...


**मुंबई।** कल्कि कोचलिन देव डी, डायन, ये जवानी है दीवानी, भय जैसी फिल्मों और सीरीज के लिए जानी जाती हैं। हाल ही में उन्होंने बताया कि एक दर्दनाक ब्रेकअप के बाद उन्हें कई महीनों तक नींद नहीं आती थी। इस मुश्किल समय ने उन्हें यह समझाया कि दिल और दिमाग का असर शरीर पर कितना गहरा पड़ता है। अपने इस अनुभव को याद करते हुए कल्की ने ऑल अबाउट हर पॉडकास्ट में कहा, 'मुझे ब्रेकअप के बाद कई महीनों तक इंसोम्निया (नींद न आना) रहा, और तब मुझे एहसास हुआ कि ये सब कितना ज्यादा मानसिक होता है।' उन्होंने आगे बताया, 'मैं सो ही नहीं पाती थी। रात के 2 या 3 बजे मेरी आंख खुल जाती थी और फिर मैं गिटार बजाने लगती थी या खुद को किसी काम में व्यस्त कर लेती थी, क्योंकि दोबारा सो पाना नामुमकिन लगता था।'




# राजा शिवाजी का ट्रेलर लांच, जुटी पूरी टीम

**मुंबई।** रितेश देशमुख द्वारा निर्देशित और अभिनीत राजा शिवाजी इस साल की मच अवेटेड फिल्मों में से एक है। सोमवार को फिल्म का ट्रेलर लॉन्च इवेंट हुआ। जिसमें फिल्म की पूरी कास्ट एक साथ नजर आई। अब इस इवेंट के कई वीडियोज और फोटोज सोशल मीडिया पर वायरल हैं। एक वीडियो में जहां अभिषेक बच्चन, संजय दत्त और विद्या बालन रितेश की तारीफ करते हुए फिल्म में अपने शामिल होने की कहानी बताते हैं। जबकि कई अन्य वीडियोज में बाकी कलाकार एक-दूसरे मिलते और बात करते दिखाई दे रहे हैं। ट्रेलर लॉन्च इवेंट के दौरान अभिषेक बच्चन से जब पूछा गया कि जब रितेश उनके पास फिल्म की कहानी लेकर गए, तो उन्होंने कितनी देर में हां कर दी? इस पर अभिषेक ने पहले मजाकिया लहजे में कहा कि मैं टाइम तो नोट नहीं कर रहा था।

## टीवी मसाला




# तन्वी बनीं बिग बॉस मराठी सीजन 6 की विजेता, राकेश रहे पहले रनर-अप

**मुंबई।** बिग बॉस मराठी 6 फिनाले की विजेता की ट्रॉफी तन्वी कोल्टे ने जीत ली है। जीतने पर तन्वी कोल्टे को लाखों रुपए का नकद पुरस्कार मिला है। इसके साथ ही उन्हें एक इलेक्ट्रिक स्कूटर और हीरे के आभूषणों के लिए लाखों रुपए का वाउचर भी दिया गया है। लोकप्रिय रियलिटी शो 'बिग बॉस' मराठी का छठा सीजन रविवार को समाप्त हो गया है। इस सीजन में तन्वी कोल्टे ने ट्रॉफी जीत ली है। राकेश बापट पहले रनर-अप रहे। अभिनेता रितेश देशमुख द्वारा होस्ट किए गए इस रियलिटी शो से विशाल कोटियन, अनुश्री माने और दीपाली सैयद बाहर हो चुके थे। तन्वी ने बाकी सभी खिलाड़ियों को हराकर यह ट्रॉफी अपने नाम की। साथ ही उन्होंने 5 लाख रुपए का सूटकेस भी ठुकरा दिया था। 'बिग बॉस मराठी 6' की ट्रॉफी जीतने पर तन्वी को 15 लाख रुपए का नकद पुरस्कार मिला है। इसी के साथ तन्वी को एक इलेक्ट्रिक स्कूटर भी मिला है। इसके साथ तन्वी को हीरे के आभूषणों के लिए 10 लाख रुपए का वाउचर भी दिया गया है। 'बिग बॉस मराठी 6' का ग्रैंड फिनाले बहुत धमाकेदार रहा। कई पूर्व प्रतियोगियों ने डांस परफॉर्मेंस दी। खासतौर पर राखी सावंत भी डांस करती दिखीं। होस्ट रितेश देशमुख के साथ अभिषेक बच्चन और जेनेलिया डिसूजा भी मौजूद थे। इस दौरान रितेश ने अपनी आने वाली फिल्म 'राजा शिवाजी' का प्रमोशन भी किया।

## ओटीटी पर रिलीज होने की तैयारी में धुरंधर 2

**मुंबई।** धुरंधर 2 रिलीज के बाद से ही सुर्खियों में है। फिल्म ने रिलीज के बाद कई रिकॉर्ड तोड़े और अभी भी मूवी सिनेमाघरों में लगी हुई है।



फिल्म अभी भी बॉक्स ऑफिस पर कमाई कर रही है। 'भूत बंगला' के रिलीज के बाद भी इसकी बुकिंग जारी है। इसलिए अभी इसे ओटीटी पर रिलीज होने में थोड़ा समय लग सकता है। कई रिपोर्ट्स के मुताबिक 'धुरंधर 2' मई के आखिर या जून के शुरुआत में ओटीटी पर रिलीज हो सकती है। इसका पहला पार्ट नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुआ था, लेकिन 'धुरंधर द रिवेंज' डिजिटल राइट्स जियो हॉटस्टार के पास हैं। जियो हॉटस्टार 150 करोड़ की डील साइन कर इसके राइट्स लिए हैं। इसका मतलब यह फिल्म जियो हॉटस्टार पर रिलीज होगी। आदित्य धर के निर्देशन में बनी यह दो-भागों वाली स्पाई थ्रिलर फ्रेंचाइजी बॉक्स ऑफिस पर कामयाब रही है। मूवी में रणवीर सिंह, सारा अर्जुन, अर्जुन रामपाल, संजय दत्त और राकेश बेदी अहम किरदार में नजर आए हैं।

# पति-पत्नी और वो दो का टीजर जारी

## मुश्किल में फंसे आयुष्मान

**मुंबई।** काफी इंतजार के बाद आखिरकार मेकर्स ने आयुष्मान खुराना की अपकमिंग फिल्म 'पति पत्नी और वो दो' का टीजर रिलीज किया है। यह फिल्म पहले 4 मार्च को रिलीज होने वाली थी। हालांकि, किसी वजह से मेकर्स ने इसकी रिलीज डेट टाल दी। टीजर रिलीज करने के साथ इस फिल्म की रिलीज डेट का भी ऐलान किया गया है। फिल्म 15 मई को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। कॉमेडी फिल्म 'पति पत्नी और वो दो' के एक मिनट 22 सेकंड के टीजर में कई दौर दिखाए गए हैं। इसमें दिखाया गया है कि हर दौर के हिसाब से कई चीजें बदली हैं लेकिन पतियों की फितरत नहीं बदली है। इसके बाद आयुष्मान खुराना, वामिका गब्बी, सारा अली खान और रकुल प्रीत सिंह के साथ रोमांस करते हुए नजर आते हैं। टीजर में आगे दिखाया गया है कि आयुष्मान खुराना कई महिलाओं के साथ रोमांस करने को लेकर मुश्किल में फंसते हैं। वह महिलाओं से बचते हुए नजर आते हैं। ट्रेलर में विजय राज भी दिखें हैं, जिन्होंने पुलिस वाले का किरदार निभाया है। हाल ही में फिल्म के मेकर्स ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के जरिए यह जानकारी दी थी कि यह कब रिलीज होगी। पोस्ट में फिल्म का पोस्टर था, जिसमें आयुष्मान खुराना एक चीते के साथ बैठे थे। पोस्ट के कैप्शन में लिखा था 'शिकारी खुद हो गया शिकार। अब जाल में फंस गए हमारे प्रजापति पांडे। हो जाओ 'पति पत्नी और वो दो' के लिए तैयार।




# इस वीक दर्शकों को मिलेगा एक्शन कॉमेडी और थ्रिल का ट्रिपल डोज

**नई दिल्ली।** अप्रैल का पहला वीक काफी खास रहा। ओटीटी पर कई शानदार फिल्में और सीरीज रिलीज हुईं। दूसरा वीक भी कम दिलचस्प नहीं है। दर्शकों को एक्शन, कॉमेडी और थ्रिल का रोमांच मिलेगा। यह महीना मनोरंजन के शौकीनों के लिए काफी अच्छा बीत रहा है। सिनेमाघरों में डकैत और भूत बंगला जैसी फिल्मों ने दस्तक दी है। वहीं, ओटीटी पर भी टोस्टर और मटका किंग सहित कई फिल्में और सीरीज बीते सप्ताह रिलीज हुईं। इस महीने का दूसरा वीक भी काफी शानदार है।



**प्रतिछाया** : यह मलयालम पॉलिटिकल थ्रिलर फिल्म इस साल मार्च में थिएटर्स में रिलीज हुई थी। अब यह ओटीटी पर दस्तक देने जा रही है। इस वीक से दर्शक इसे देख सकेंगे। इस फिल्म में पावर, राजनीति और बदले की दमदार कहानी दिखाई गई है। 24 अप्रैल से इसे जियो हॉटस्टार पर देख सकते हैं।

**24** : अनिल कपूर अभिनीत एक्शन थ्रिलर शो 24 का तीसरा सीजन इस वीक रिलीज होने जा रहा है। इसमें अनिल कपूर एक बार फिर जय सिंह राठौड़ के रोल में नजर आने वाले हैं। इसे दर्शक 24 अप्रैल से जियो हॉटस्टार पर देख सकेंगे। बता दें कि '24' का पहला सीजन 04 अक्टूबर 2013 को टीवी पर आया था। दूसरा सीजन 23 जुलाई 2016 से 9 अक्टूबर 2016 तक प्रसारित हुआ। अब तीसरा सीजन ओटीटी पर आ रहा है।

**स्ट्रेंजर थिंग्स- टेल्स फ्रॉम 85** : यह सीरीज भी इस वीक की ओटीटी लिस्ट में शामिल है। यह 23 अप्रैल से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी। यह एक एनिमेटेड साइंस फिक्शन सीरीज है। अगर आपको एनिमेटेड शो पसंद हैं, तो इसे देख सकते हैं।

**एपेक्स** : यह एक सर्वाइवल एक्शन थ्रिलर फिल्म है। यह भी इस वीक रिलीज होगी। इसका निर्देशन बाल्टासर कोरमाकुर ने किया है। इसकी स्क्रिप्ट जेरेमी रॉबिन्स ने लिखी है। वहीं, इसमें चार्लीज थेरॉन, टैरोन एगर्टन और एरिक बाना जैसे सितारे हैं। यह 24 अप्रैल से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी।

## कपिल शर्मा शो के कारण एक्टिंग कॅरियर हुआ ठप, अर्चना को अफसोस!

# कई फिल्मों को किया मना, अब मेकर्स को नहीं दिला रहीं यकीन

***नई दिल्ली।*** *अर्चना पूरन सिंह ने साल 1982 में महज 20 साल की उम्र में फिल्म 'निकाह' से एक्टिंग में डेब्यू किया था। वह उन चुनिंदा एक्ट्रेसेस में से हैं, जिन्होंने बड़े पर्दे और टीवी, दोनों पर साथ-साथ काम किया और दोनों ही मोर्चों पर शोहरत बटोरी। साल 1987 में वह नसीरुद्दीन शाह के साथ फिल्म जलवा में लीड रोल में नजर आईं। अब तक 100 से अधिक फिल्मों और टीवी शोज में काम कर चुकीं 63 साल की अर्चना को मौजूदा वक्त में 'द कपिल शर्मा शो' में जज के रूप में पहचाना जाता है। इसमें कोई दोराय नहीं है कि इस कॉमेडी शो ने उन्हें नए दौर में खूब पॉपुलैरिटी दी। लेकिन, एक्ट्रेस का मानना है कि कहीं ना कहीं इस कारण उनका एक्टिंग कॅरियर 'ठप' पड़ गया। ताजा इंटरव्यू में उनका यह दर्द छलका है, जो कहीं ना कहीं 'पछतावा' बनकर भी उभरा है। नब्बे के दशक में बाज और जज मुजरिम जैसी फिल्मों में आइटम नंबर, फिर'इंसान, कुछ कुछ होता है, दे दना दन और बोल बच्चन जैसी फिल्मों में अपने कॉमेडी अवतार के लिए सुर्खियां बटोरने वाली अर्चना पूरन सिंह ने 2019 में, नवजोत सिंह सिद्धू की जगह 'द कपिल शर्मा शो' में जज के तौर पर एंट्री की थी। इसके बाद से ही वह इस शो का हिस्सा हैं। यह शो पहले टीवी पर आता था और अब ओटीटी पर 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' के नाम से प्रसारित होता है।*

### दूसरे प्रोजेक्ट्स में काम करना था मुश्किल

इन दिनों नेटफ्लिक्स फिल्म 'टोस्टर' में नजर आ रहीं अर्चना पूरन सिंह एक बातचीत में कहती हैं, 'इन बीते सालों में मैं फिल्मों में काम नहीं कर पाई। एक बार मुझे एक कॉल आया। उन्हें एक शूट के लिए 25 दिनों के लिए मुझे स्कॉटलैंड ले जाना था। लेकिन, मेरे लिए कपिल के शो की शूटिंग छोड़कर कहीं और फिल्म की शूटिंग करना मुमकिन नहीं था। पहले, जब यह शो टीवी पर आता था, तो हम साल में 100 एपिसोड शूट करते थे। यही वजह है कि मेरे पास कुछ और करने का समय ही नहीं होता था।' कपिल के शो की वजह से मुझे कई फिल्मों को मना करना पड़ा। मैंने इतनी बार मना कर चुकी हूं कि लोगों ने मुझे एक्टिंग के लिए अप्रोच करना ही बंद कर दिया।

### लोगों ने अप्रोच करना छोड़ दिया

अर्चना ने आगे कहा, 'कपिल के शो की वजह से मुझे कई फिल्मों को मना करना पड़ा। अब क्योंकि मैंने इतनी बार मना कर चुकी हूं, इसलिए लोगों ने मुझे एक्टिंग के लिए अप्रोच करना ही बंद कर दिया।' हालांकि, एक्ट्रेस यह भी कहती हैं कि अब जब 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हो रहा है, तो उन्हें उम्मीद है कि उनके कॅरियर को एक नई जिंदगी मिलेगी। मैं कितनी भी कोशिश कर लूं, मैं फिल्ममेकर्स को यकीन नहीं दिला पा रही हूं। उन्हें अब भी लगता है कि मैं कोई ऐसी इंसान हूं जो बस कुर्सी पर बैठकर हंसती रहती है।



### 'आदर्श बाल विद्यालय' सीरीज में दिखेंगी

वैसे, 'टोस्टर' से पहले अर्चना पूरन सिंह बीते साल 2025 में इब्राहिम अली खान और खुशी कपूर की 'नादानियां' में नजर आई थीं। आगे वह केके मेनन के साथ वेब सीरीज 'आदर्श बाल विद्यालय' में भी दिखेंगी।

### राजकुमार के साथ दूसरी बार काम

अर्चना पूरन सिंह फिल्म 'टोस्टर' में एक कॉमिक रोल में नजर आ रही हैं। राजकुमार राव के साथ यह उनका दूसरा कोलैबोरेशन है। इससे पहले दोनों 'विकी विद्या का वो वाला वीडियो' में साथ काम कर चुके हैं। वह कहती हैं, 'राजकुमार ने मेरा काम 'विकी विद्या का वो वाला वीडियो' में देखा था। यह पहली बार था जब हम दोनों एक-दूसरे के साथ काम कर रहे थे। इसी तरह 'टोस्टर'की शुरुआत हुई। अगर मैंने उस फिल्म में उनके साथ काम नहीं करती, तो शायद 'टोस्टर'का हिस्सा नहीं बन पाती।'

## खबर संक्षेप

### आवेदन की अंतिम तिथि 24 अप्रैल

**सारंगढ़।** युवाओं के उच्च शिक्षा के विभिन्न कोर्स के प्रवेश परीक्षा के लिए छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल की वेबसाईट व्यापम सीजी डॉट सीजी स्टेट डॉट जीओवी डॉट इन में में ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित है। प्रीबीएड प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 24 अप्रैल और बीएससी नर्सिंग प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 27 अप्रैल निश्चित है। इसके लिए परीक्षा केंद्र छत्तीसगढ़ के सभी 33 जिलों में बनाया गया है।

### 177 प्रकरण में 2 लाख 23 हजार का जुर्माना

**सारंगढ़।** ट्रैफिक नियमों का पालन नहीं करने वाले और सड़क किनारे अव्यवस्थित खड़े किए वाहनों, नो पार्किंग जोन में खड़े वाहनों पर विगत 28 मार्च से 18 अप्रैल तक यातायात दल द्वारा लगातार मोटर व्हीकल एक्ट की कार्यवाही की गई जिसमें लगभग 177 प्रकरण दर्ज कर 2 लाख 23 हजार 900 रूपए की चालानी कार्यवाही की गई। इस कार्य में यातायात प्रभारी रक्षित निरीक्षक जितेन्द्र चन्द्रा, उप निरीक्षक समेलाल सोनवानी, प्रधान आरक्षक श्याम प्रधान, मुकेश साहू, आरक्षक अक्षय रात्रे और सनसाई तिग्गा आदि शामिल थे। दल के कार्य से साबित हो रहा है कि सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले में यातायात नियमों का पालन करें या जुर्माना के लिए तैयार रहें।

### अंडोला में जनसमस्या निवारण शिविर संपन्न

**सारंगढ़।** केंद्र सरकार और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की मंशा अनुरूप प्रशासन गांव की ओर थीम पर सारंगढ़ विकासखंड के ग्राम अंडोला विगत दिवस जिला स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। कलेक्टर डॉ. संजय कन्नौजे और जिला पंचायत सदस्य लता लक्षमे, संतोषी खटकर और अन्य जनप्रतिनिधि के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। अतिथियों ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल का निरीक्षण कर योजनाओं की जानकारी ली।

## पृष्ठ 1 का शेष

### सांसद राठिया ने ...

मिशन, सर्व शिक्षा अभियान, महिला बाल विकास विभाग,मिड डे मील योजना, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, खनिज न्यास निधि, एकीकृत विघुत विकास योजना, राष्ट्रीय कृषि विकास योजना, परंपरागत कृषि विकास योजना, प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना, आदि विभिन्न योजनाओं की विस्तार से समीक्षा की।

### धीरे चलें, हेलमेट...

सीसीटीवी कैमरे लग जाने से अपराधियों में खौफ रहेगा, साथ ही निगरानी रखने में आसानी होगी है। सांसद राठिया ने इस संबंध में हर संभव प्रयास की बात कही। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ लाल उमेद ने जशपुर के लगभग चिन्हांकित 46 जगह, जहां पर दुर्घटना घटित होती है की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि, सबसे ज्यादा दुर्घटना लोरो घाट और श्री नदी पूल के पास होती है। इन जगहों को बनाने की विशेष आवश्यकता ताकि दुर्घटना को रोका जा सके। इसके साथ ही दुर्घटना स्थल में कुंजारा, सिंगीबहार, साजबहार, पंडरी पानी, जामझोर, तुमला, आदि जगहों की जानकारी दी। उन्होंने जशपुर शहर के गौरव पथ का रोड डिवाइडर बंद करने की आवश्यकता बताई।

### लोगों की समस्याओं ...

प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। गत वर्ष आयोजित सुशासन तिहार के सकारात्मक परिणामों को देखते हुए इस वर्ष इसे और अधिक व्यापक रूप में संचालित किया जाएगा। जिला पंचायत सीईओ ने बताया कि, 30 अप्रैल तक लंबित प्रकरणों का निराकरण किया जाना है। इसके साथ ही विगत वर्ष के सुशासन शिविर के लंबित प्रकरणों का भी निराकरण गंभीरता से करने के निर्देश दिए हैं। बैठक में बताया गया कि, आगामी 30 अप्रैल 2026 तक जिले में लंबित प्रकरणों के निराकरण हेतु विशेष अभियान चलाया जाए। इसके अंतर्गत भूमि संबंधी प्रकरण जैसे नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, मनरेगा अंतर्गत लंबित मजदूरी भुगतान, हितग्राहीमूलक योजनाओं के लंबित भुगतान, आय-जाति-निवास प्रमाण पत्र, बिजली एवं ट्रांसफार्मर संबंधी समस्याएं तथा हैंडपंप सुधार जैसे मुद्दों का प्राथमिकता से समाधान सुनिश्चित किया जाए। साथ ही पात्र हितग्राहियों को उज्ज्वला योजना, राशन कार्ड, आयुष्मान भारत एवं सामाजिक सुरक्षा पेंशन जैसी योजनाओं का लाभ दिलाने पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए हैं। इस अवसर पर सहायक कलेक्टर अनिकेत अशोक, अपर कलेक्टर प्रदीप कुमार साहू सभी एसडीएम और जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

### सुशासन तिहार की तैयारियों को लेकर समीक्षा, गांवों के क्लस्टर बनाने के निर्देश

# जनसमस्याओं का समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करें: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने अधिकारियों की बैठक ली। इस दौरान जन समस्याओं के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण पर विशेष जोर देते हुए अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनदर्शन, जनसमस्या निवारण शिविर, पीजीएन एवं पीजी पोर्टल में दर्ज सभी प्रकरणों का निर्धारित समय सीमा में निराकरण सुनिश्चित किया जाए, अन्यथा लापरवाही पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बैठक में आगामी 1 मई से 10 जून तक आयोजित होने वाले प्रदेशव्यापी सुशासन तिहार के अंतर्गत जनसमस्या निवारण शिविरों की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिविरों के सुचारू संचालन के लिए 10 से 15 गांवों के क्लस्टर बनाए जाएं, ताकि अधिक से अधिक लोगों तक योजनाओं का लाभ पहुंच सके।

कलेक्टर ने राज्य शासन की प्राथमिकता वाली महतारी वंदन योजना की ईकेवाईसी की प्रगति की भी गहन समीक्षा की। बैठक में बताया गया कि जिले में वर्तमान में 2 लाख 81 हजार 135 लाभार्थी पंजीकृत हैं, जिनमें से 1 लाख 24 हजार 449 हितग्राहियों के बैंक खातों का ई केवाईसी पूर्ण किया जा चुका है। कलेक्टर ने शेष हितग्राहियों का ई केवाईसी शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश देते हुए कहा कि कोई भी पात्र हितग्राही योजना के लाभ से वंचित न रहे। ग्रीष्मकालीन परिस्थितियों को देखते हुए कलेक्टर ने जिले में पेयजल संकट के स्थायी समाधान हेतु लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने सभी जनपद सीईओ से ग्रामवार शासकीय जल स्त्रोतों, हैंडपंप एवं कुओं की अद्यतन स्थिति की जानकारी प्रस्तुत करने को कहा। साथ ही पीएचई विभाग को निर्देशित किया कि हैंडपंप तकनीशियनों के संपर्क नंबर जनपद स्तर एवं स्वयं के पास उपलब्ध रखें, ताकि शिकायतों का त्वरित समाधान किया जा सके।


बैठक लेते कलेक्टर और उपस्थित अधिकारी।

### निर्माण स्थलों पर पानी और ओआरएस पैकेट जरुरी

निर्माण कार्यों में लगे श्रमिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर ने सभी निर्माण विभागों को कार्यस्थलों पर पेयजल, ओआरएस पैकेट, छाया एवं बैठने की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में जल संचय एवं जनभागीदारी पोर्टल, ईएसआईसी अस्पताल की सुविधाएं, औद्योगिक श्रमिकों की स्वास्थ्य जांच, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण एवं शहरी, बंदियों को विधिक सहायता, भू.अभिलेख अद्यतन, एफआर, नामांतरण, पीएम गतिशक्ति योजना, आयुष्मान कार्ड, आंगनबाड़ी पंजीयन सहित विभिन्न विषयों पर विस्तार से समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए गए।

### निर्माण की धीमी प्रगति से नाराज हुए कलेक्टर

बैठक में विभागवार लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने अधिक लंबित मामलों वाले विभागों पर नाराजगी व्यक्त की और शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने अधोसंरचना विकास से जुड़े प्रस्तावों, विशेषकर सड़क निर्माण एवं मूलभूत सुविधाओं से संबंधित कार्यों को प्राथमिकता देने पर जोर दिया। कलेक्टर ने कहा कि प्रस्ताव तैयार करते समय क्षेत्र की वास्तविक जरूरतों को ध्यान में रखते हुए व्यावहारिक एवं प्रभावी समाधान प्रस्तुत किए जाएं।



## ग्रीष्म अवकाश में जनगणना ड्यूटी को लेकर सौंपा गया ज्ञापन

**जशपुरनगर।** राष्ट्रव्यापी जनगणना का कार्य जोर शोर से जारी है, और इसी तारतम्य में 1 मई से 30 मई तक जनगणना के प्रथम चरण में एचएलबी या हाउस लिस्टिंग ब्लॉक या मकान की सूची करण का कार्य किया जाना है।

इस कार्य में जनगणना कर्मियों को अपने आवंटित एचएलबी में घर घर जाना है, सभी घरों का नजरी नक्शा बनाना है, और जनगणना के तहत 30 से अधिक प्रश्न प्रत्येक घर के निवासियों से पूछना है, और अंत में एप के माध्यम से उसका संधारण करना है। इस कार्य में अधिकांश शिक्षकों की ही ड्यूटी लगी है, जो विश्राम अवकाश वाले कर्मचारी हैं, जिनको ग्रीष्म आकाश मिलने के कारण वर्ष भर में 10 अर्जित अवकाश की पात्रता होती है। वहीं दूसरी ओर अन्य विभाग के कर्मचारियों को वर्ष भर में 30 अर्जित अवकाश की पात्रता होती है।

■ छग अवकाश नियम 2010 के तहत अर्जित अवकाश की मांग

राष्ट्रीय महत्व के इस काम हेतु शिक्षक सहर्ष तैयार- फेडरेशन के जिला अध्यक्ष अजय गुप्ता ने कहा कि, राष्ट्रीय महत्व के इस काम हेतु शिक्षक सहर्ष तैयार हैं, परंतु जिन शिक्षकों की ड्यूटी इसमें लगी है, उन्हें छत्तीसगढ़ सिविल सेवा अवकाश नियम 2010 के तहत विश्राम अवकाश का उपभोग न किए जाने के बाबत अतिरिक्त अर्जित अवकाश की जो पात्रता होती है, उन्हें बिना किसी बाधा के नियम अनुसार मिलनी चाहिए। फेडरेशन के जिला विधिक सलाहकार एलन साहू ने बताया कि, छत्तीसगढ़ सिविल सेवा अवकाश नियम 2010 के नियम 25 के तहत विश्राम अवकाश का उपभोग ना कर पाने वाले शिक्षकों को अतिरिक्त अर्जित अवकाश की पात्रता होती है जिसकी गणना नियम 27 में की गई है। 30 दिन कार्य करने पर 10 अतिरिक्त अर्जित अवकाश की पात्रता- जिला महासचिव रवि गुप्ता ने बताया कि, उपरोक्त नियम के तहत 1 से 30 मई तक कुल 30 दिवस कार्य करने पर 10 अतिरिक्त अर्जित अवकाश की पात्रता होगी। उपरोक्त मांग हेतु फेडरेशन के पदाधिकारी अपर कलेक्टर जशपुर को ज्ञापन सौंपा। साथ ही जिला शिक्षा कार्यालय जशपुर में सहायक संचालक सरोज खलखो को भी ज्ञापन सौंपा और अनुरोध किया की जनगणना जैसे राष्ट्रीय महत्व के कार्य में लगे शिक्षकों को नियमानुसार जो अतिरिक्त अर्जित अवकाश मिलना है, उस हेतु उन्हें अनावश्यक भटकना न पड़े इस हेतु उचित कार्यवाही सुनिश्चित करें। इस अवसर पर विकासखंड अध्यक्ष संजय बेक, शिक्षक रोशन पटेल, सुनैना तिर्की, नेसतोर एक्का, प्रदीप भगत इत्यादि उपस्थित रहे।

## 99.8 फीसदी अंक के साथ प्रदेश में आद्यशा अव्वल, कलेक्टर ने किया सम्मान



**रायगढ़।** जिले की होनहार छात्रा आद्यशा परिडा ने सीबीएसई कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा में 99.8 प्रतिशत अंक अर्जित कर न केवल छत्तीसगढ़ में प्रथम स्थान हासिल किया है, बल्कि अपनी इस अभूतपूर्व उपलब्धि से राष्ट्रीय स्तर पर भी रायगढ़ का मान बढ़ाया है।

सोमवार को कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने आद्यशा परिडा को अपने चेम्बर में आमंत्रित कर सम्मानित किया और उनकी इस उपलब्धि की सराहना की। इस अवसर पर कलेक्टर ने छात्रा के माता पिता से भी मुलाकात कर उन्हें बधाई दी तथा उनके सहयोग और मार्गदर्शन की प्रशंसा की। डीएवी पब्लिक स्कूल, एसईसीएल छाल की छात्रा आद्यशा ने बताया कि वह कक्षा 11वीं में बायो मैथ्स विषय लेकर आगे की पढ़ाई करना चाहती हैं और उनका लक्ष्य जेईई एडवांस परीक्षा उत्तीर्ण कर देश के प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग संस्थान में प्रवेश लेना है। कलेक्टर ने इस अवसर पर कहा कि शिक्षा जीवन का सबसे महत्वपूर्ण आधार है और मेहनत, निष्ठा एवं समर्पण से किया गया प्रयास निश्चित ही सफलता दिलाता है।

## पुलिस का जन जागरूकता अभियान साइबर सुरक्षा की दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



पुसौर परिसर में 18 अप्रैल को पुलिस द्वारा जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। चौपाल आधारित पुलिसिंग के तहत आयोजित इस कार्यक्रम में साइबर ठगी, नशा मुक्ति, महिला सुरक्षा यातायात नियम और वरिष्ठ नागरिकों के सम्मान जैसे अहम मुद्दों पर लोगों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह ने कहा कि सामुदायिक पुलिसिंग बेसिक पुलिसिंग का महत्वपूर्ण हिस्सा है।

रायगढ़ पुलिस अपराध नियंत्रण और कानून व्यवस्था के साथ जन जागरूकता के जरिए लोगों को सशक्त बनाने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि चौपाल के माध्यम से ग्रामीणों की समस्याओं का त्वरित निराकरण किया जा रहा है और पुलिस.जन संवाद को मजबूत बनाया जा रहा है। इस दौरान एलईडी स्क्रीन पर खौफदृद डिजिटल वार, कजरी, कोटपा और यातना जैसी जागरूकता फिल्मों का प्रदर्शन कर उपस्थित लोगों को विभिन्न अपराधों के प्रति सचेत किया गया। साइबर ठगी सबसे बड़ी चुनौतीरू डिजिटल अरेस्ट केस में बेंगलुरु से हुई गिरफ्तारी एसएसपी शशि मोहन सिंह ने साइबर अपराध को वर्तमान समय की सबसे बड़ी चुनौती बताया। उन्होंने पुसौर क्षेत्र में एक रिटायर्ड शिक्षक के साथ हुई डिजिटल अरेस्ट ठगी का जिक्र करते हुए कहा कि रायगढ़ पुलिस ने मामले में त्वरित कार्रवाई कर बेंगलुरु से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

### यातायात नियमों के पालन की अपील

पुसौर क्षेत्र हाईवे से जुड़ा होने के कारण दुर्घटना की आशंका अधिक रहती है। इस पर एसएसपी ने वाहन चालकों से गति नियंत्रणए हेलमेट एवं सीट बेल्ट का उपयोग करने और शराब सेवन के बाद वाहन न चलाने की अपील की।

### विधानसभा युवा कांग्रेस के प्रभात बने अध्यक्ष



**तमनार।** लैलूंगा विधानसभा युवा कांग्रेस के अध्यक्ष पद पर प्रभात पटनायक की नियुक्ति की गई है। यह नियुक्ति अमित सिंह पठानिया, मोनिका मंडरे, आकाश शर्मा तथा राकेश पांडे की सहमति से एवं जिला अध्यक्ष उस्मान बेग के अनुमोदन पर की गई। इस नियुक्ति में जिले के वरिष्ठ नेताओं का भी विशेष योगदान और आशीर्वाद रहा, जिसमें उमेश पटेल, नागेंद्र नेगी सहित अन्य वरिष्ठ कांग्रेसजनों का मार्गदर्शन शामिल रहा। प्रभात पटनायक का राजनीतिक सफर छात्र राजनीति से शुरू हुआ। वे पहले में जिला महासचिव रह चुके हैं और युवा कांग्रेस में विधानसभा उपाध्यक्ष जैसे महत्वपूर्ण पदों पर भी अपनी जिम्मेदारी निभा चुके हैं। तमनार क्षेत्र में उनकी पहचान एक मजबूत और सक्रिय युवा नेता के रूप में है। उनके नेतृत्व में तमनार क्षेत्र, जिसे लंबे समय से भाजपा का गढ़ माना जाता रहा है, वहां युवाओं का रुझान तेजी से कांग्रेस की ओर बढ़ा है।

## अभियंता भवन में अखिल भारतीय आरण्यक ब्राम्हण समाज की बैठक



**पुसौर।** वर्ष 1926 से स्थापित अखिल भारतीय आरण्यक ब्राम्हण समाज इन दिनों अपने प्रत्येक महा अंचल में समाज के लोगों को संगठित करने लगातार एक परिवारिक माहौल में बैठकें आहुत कर रही है जिसे लगभग एक वर्ष हो चुके हैं इसी कड़ी में रायगढ़ महा अंचल जिसमें लैलूंगा और लोईंग अंचल भी शामिल है का बैठक रायगढ के डिग्री कालेज के पास स्थित इंजीनियर भवन में संपन्न हुआ।

बैठक रायगढ़ महा अंचल के प्रमुख पदाधिकारियों में सेवा निवृत्त शिक्षक सूर्य कुमार पंडा, वरिष्ठ अधिवक्ता सुरेन्द्र पाणिग्राही, सेवा निवृत्त ए एस आई फकीर पाणिग्राही त्रिलोकी पुजारी, निर्मल पुजारी शरद पुरोहित, अधिवक्ता अमरेन्दु पंडा आदि के अगुवाई व व्यवस्था में ठीक 10 बजे प्रारंभ हुआ जहां मंच संचालक अश्विनी पंडा एवं श्रीमती ज्योत्ना पंडा के आवाहन पर प्रथम पंक्ति में समाज के सभापति व भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष जगन्नाथ पाणिग्राही, वरिष्ठ पदाधिकारी, समाज के संरक्षक पंचानन पंडा व कीर्तन सुपकार विराजमान हुए वहीं दुसरे पंक्ति में सुर्यकुमार पंडा, दिलीप पाढी, प्रदीप पुरोहित बैठे। कार्यक्रम की शुरूआत सर्वप्रथम भगवान जगन्नाथ एवं परशुराम के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुजा अर्चना के साथ हुई। इसके पश्चात बैठक कार्यक्रम में शामिल रायगढ़ इकाई के 60 परिवारों का परिचय कार्यक्रम हुआ जिसमें इन परिवारों के बच्चे व महिलायें भी शामिल रहे। इसी कड़ी में समाज के 14 मेधावी छात्रों एवं 8 वरिष्ठ जनों का सम्मान किया गया। वहीं समाज के विशेष उपलब्धि हासिल व्यक्तित्वों यथा डिग्री कालेज के प्राचार्य अनिल कुमार पाणिग्राही, रायगढ़ इस्पात के डायरेक्टर सुनील पंडा, भारतीय स्टेट बैंक में शाखा प्रबंधक रहे अजय कुमार पंडा का भी सम्मान हुआ। उद्बोधन के दौर में कीर्तन सुपकार, छन्दाचरण पाणिग्राही, सुरेन्द्र पाणिग्राही, फकीर पाणिग्राही सहित अन्य कई लोग शामिल रहे। वहीं अंत में मुख्य अतिथि की आसंदी से जगन्नाथ पाणिग्राही ने समाज की एकता और विकास के लिये वृहद रूप से उदबोधन प्रस्तुत किये जिसमें इन्होंने कहा कि हम ब्राम्हण समाज के युवा पीढी को अपनी योग्यता और अधिक विकसित करना है जो कर्मकांड के क्षेत्र में हैं उन्हें भी और जो अन्य मुकाम हासिल करना चाहते हैं।

## नारी सम्मान पर सियासत, केंद्र सरकार पर कांग्रेस का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़




महिला आरक्षण को लेकर अब आरोप-प्रत्यारोप का दौर शुरु हो गया है। विपक्ष केन्द्र सरकार की नीतियों का विरोध कर रहा है। वहीं सत्ता पक्ष भी प्रदेश भर में विपक्ष के खिलाफ अभियान चालू कर दिया है। सोमवार को जिला कांग्रेस कार्यालय में जिला कांग्रेस कमेटी के ग्रामीण अध्यक्ष नगेन्द्र नेगी व शहर अध्यक्ष शाखा यादव के नेतृत्व में पत्रकार वार्ता रखा गया था।

■ जिला अध्यक्ष नगेन्द्र नेगी और शाखा यादव ने की प्रेस से चर्चा

जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष नगेन्द्र नेगी ने पत्रकार वार्ता में केंद्र सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि देश की महिलाएं अब सब कुछ देख और समझ रही हैं। कौन उनके सम्मान की बात करता है और कौन उसे ठेस पहुँचाता है। पार्टी का आरोप है कि सत्ता में बैठे लोग एक ओर नारी शक्ति की बातें करते हैं तो दूसरी ओर सार्वजनिक मंचों से ऐसी भाषा और टिप्पणियाँ करते हैं जो महिलाओं के आत्मसम्मान को चोट पहुँचाती हैं। कांग्रेस ने कहा कि जब एक शीर्ष महिला नेता को कांग्रेस की विधवा कहा जाता है, जब एक विवाहित महिला के लिए 50 करोड़ की गर्लफ्रेंड जैसी भाषा इस्तेमाल होती है, जब एक महिला सांसद की तुलना सूर्पनखा से की जाती है जब एक महिला मुख्यमंत्री का मजाक उड़ाया जाता है। कांग्रेस का कहना है कि देश की हर महिला इन बातों को याद रखती है और समझती है कि असल सम्मान क्या होता है। शहर अध्यक्ष शाखा यादव ने भी तीखे आरोप लगाते हुए कहा कि जिनके दामन पर पहले से ही महिला उत्पीड़न और विवादित घटनाओं के आरोप लगे हों वे आज महिला सशक्तिकरण का पाठ पढ़ाने की कोशिश कर रहे हैं। कांग्रेस ने प्रज्ज्वल रेवन्ना जैसे मामलों का उल्लेख करते हुए कहा कि यह दोहरा चरित्र अब छिपा नहीं है। पार्टी का कहना है कि महिला आरक्षण जैसे गंभीर और ऐतिहासिक विषय के पीछे भी राजनीतिक साजिश की बू आती है और यह केवल अधिकार देने का नहीं बल्कि सत्ता के समीकरण बदलने का प्रयास प्रतीत होता है।

## विद्यार्थियों को पास उद्यानिकी वानिकी में प्रवेश का अवसर

**कोतबा।** प्रदेश में उद्यानिकी एवं वानिकी विषयों में उच्च शिक्षा प्राप्त करने के इच्छुक अभ्यर्थियों के लिए सुनहरा अवसर उपलब्ध हुआ है। व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा आयोजित प्री एग्रीकल्चर टेस्ट 2026-27 के माध्यम से महात्मा गांधी उद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, दुर्ग में संचालित बीएससी ऑनर्स उद्यानिकी एवं बीएससी ऑनर्स वानिकी के चार वर्षीय डिग्री पाठ्यक्रमों में प्रवेश दिया जाएगा।

■ प्री एग्रीकल्चर टेस्ट के माध्यम से होगा चयन

पीएटी परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए इच्छुक विद्यार्थी 27 अप्रैल 2026 तक व्यावसायिक परीक्षा मंडल के वेबसाइट में जाकर आवेदन कर सकते है। प्राप्त जानकारी के अनुसार इन पाठ्यक्रमों में प्रवेश पूरी तरह पीएटी परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर मेरिट सूची के माध्यम से किया जाएगा। अभ्यर्थियों को प्रवेश हेतु व्यापम द्वारा निर्धारित प्रक्रिया एवं विश्वविद्यालय के दिशा-निर्देशों का पालन करना अनिवार्य होगा। बीएससी ऑनर्स उद्यानिकी पाठ्यक्रम के अंतर्गत विश्वविद्यालय से संबद्ध 16 शासकीय एवं 3 निजी महाविद्यालयों में कुल 1240 सीटें उपलब्ध है। वहीं बीएससी ऑनर्स वानिकी पाठ्यक्रम हेतु 1 महाविद्यालय में 60 सीटें निर्धारित की गई हैं। विश्वविद्यालय द्वारा संचालित इन पाठ्यक्रमों में आधुनिक तकनीक, अनुसंधान एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण पर विशेष बल दिया जाता है।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 21,500/-
15 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण, श्री तुगनाथ महादेव
अन्य दर्शन:-काशी विश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन- (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग), माना गाँव (भारत का अंतिम गाँव),धारी देवी,चोपता
07 मई, 11 मई,
25 मई, 06 जून, 15 जून 2026
राशि:-स्लीपर-21,500/-, 3 एसी- 31,500/-, 2 एसी- 38,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग
◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग
◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग
◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त